# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा / 6242
दिनांकः 13.05.2022

## अधिसूचना

जैसा कि आप अवगत ही है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों / संस्थानों में NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित करायी जा रही हैं।

उक्त को दृष्टिगत रखते हुए माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार सन्दर्भित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं द्वारा पूर्व में भरे गये परीक्षा फार्मों में केवल Skill development courses में संशोधन किये जाने हेतु एक अन्तिम अवसर प्रदान दिया जा रहा है। जिस हेतु ऑनलाइन पोर्टल दिनांक 17.05.2022 को खुला रहेगा। महाविद्यालय / संस्थान से अपेक्षा की जाती है कि वह दिनांक 17.05.2022 को ही सन्दर्भित परीक्षा फार्मों में संशोधन किया जाना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात् कोई भी संशोधन अनुमन्य नहीं होगा।

संशोधन के पश्चात महाविद्यालय के लैटर हैड पर प्राचार्य द्वारा यह प्रमाण पत्र कि किन किन छात्रों के Skill development courses में परिवर्तन किया गया है, विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग को अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करें, अन्यथा महाविद्यालय द्वारा किये गये संशोधन मान्य नहीं होंगे।

14/05

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–**

01. प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक / वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान / परीक्षा केन्द्र, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
02. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त महत्त्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए, छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
03. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति को मा0 प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
05. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
08. प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को सन्दर्भित परीक्षा कार्यक्रम की प्रतियों सहित।
09. सहा0 कुलसचिव / प्रभारी (परीक्षा) को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. प्रभारी–रिकार्ड (परीक्षा) को सन्दर्भित अधिसूचना को संरक्षित रखते हुए आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित।
11. प्रभारी–सामान्य भण्डार / कमेटी सैल / कम्प्यूटर केन्द्र / उत्तर पुस्तिका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि उक्त को छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशन हेतु समाचार पत्रों को निर्गत करने का कष्ट करें।
13. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
14. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र / सूचना पट।
15. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि संशोधन हेतु निर्धारित तिथि पर पोर्टल उपलब्ध कराया जाय।
16. गार्ड फाईल–''अधिसूचना''।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)